TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




**2024**

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

08 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दुनिया के साथ समस्या ये है कि बुद्धिमान लोग संदेह से भरे हैं, जबकि मूर्ख आत्मविश्वास से।

**चार्ल्स बुकोवस्की**



राकेश कुमार

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 08 अगस्त

1. **इंटरनेशनल कैट डे–** यह दिवस जान कर आप सोंच रहे होंगे कि बिल्लियों के भी दिन आते हैं। जी हाँ, विश्व बिल्ली दिवस प्रतिवर्ष 8 अगस्त को मनाया जाता है। इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर के द्वारा वर्ष 2002 में इस दिवस को मनाना शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बिल्लियों की कई प्रजातियों को संरक्षण देना है।

2. **भारत छोड़ो आंदोलन प्रस्ताव पारित–** ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी ने 8 अगस्त 1942 को बम्बई के ग्वालिया मैदान से 'भारत छोड़ो' आंदोलन प्रस्ताव को पारित किया था। इस मैदान को अगस्त क्रांति मैदान के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन का नामकरण युसुफ मेहर अली द्वारा किया गया था। इसी आंदोलन के दौरान महात्मा गाँधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। हालात को भांपते हुए 8 अगस्त की रात में ही गाँधी जी को गिरफ्तार कर यरवदा पुणे स्थित जेल में भेज दिया गया।
   - संदर्भः बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12 राष्ट्रीय आंदोलन** से जोड़कर बतायें।

3. **कृष्णदेव राय का राज्यारोहण–** विजयनगर साम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी 8 अगस्त 1509ई. को की गई थी। वे स्वयं कवि थे और कवियों के संरक्षक थे। तेलुगु भाषा के आठ प्रसिद्ध कवि इनके दरबार में थे जो अष्टदिग्गज के नाम से विख्यात थे। तेनाली रामा का नाम तो आपने सुना ही होगा जो महाराज कृष्णदेव राय के दरबार में अपनी बुद्धिमत्ता के लिए प्रसिद्ध थे।

4. **भीष्म साहनी का जन्म–** भीष्म साहनी जाने–माने नाटककार, लेखक और अभिनेता थे। वे मशहूर अभिनेता बलराज साहनी के छोटे भाई थे। उनका जन्म 8 अगस्त, 1915 ई. को रावलपिंडी में हुआ था। उन्हें 1975 में उनकी कृति 'तमस' के लिए 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', 1975 में शिरोमनी लेखक अवार्ड (पंजाब सरकार), 1983 में सोवियत लैंड नेहरू अवार्ड, और 1998 में भारत सरकार द्वारा 'पद्मभूषण' अलंकरण से विभूषित किया गया था। उनके उपन्यास 'तमस' पर एक फिल्म का भी निर्माण किया गया था। 'गुलेल का खेल' उनकी प्रसिद्ध बालकथा कृति है। उनकी पुमख रचनाओं में 'झरोखे', 'तमस', 'बसन्ती', 'हानुस', 'कबीरा खड़ा बाजार में', 'भाग्य रेखा', 'पहला पाठ' आदि है।

- **क्या आप जानते हैं?**
  अल्बर्ट टी. मार्शल को रेफ्रीजरेटर के अविष्कार के लिए 'ऑटोमैटिक रेफ्रिजरेटिंग एपरेटस' टाइटल से पेटेंट प्रदान किया गया था।

T h u r s d a y



Madhu priya

# दिवस विशेष
8 अगस्त

मधु प्रिया

## भारत छोड़ो आन्दोलन प्रस्ताव पारित 8 अगस्त





भारत छोड़ो आन्दोलन, द्वितीय विश्वयुद्ध के समय 8 अगस्त 1942 को आरम्भ किया गया था। यह एक आन्दोलन था जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुम्बई अधिवेशन में शुरू किया गया था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विश्वविख्यात काकोरी काण्ड के ठीक सत्रह साल बाद 8 अगस्त सन 1942 को गांधीजी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ आरम्भ हुआ। यह भारत को तुरन्त आजाद करने के लिये अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक सविनय अवज्ञा आन्दोलन था। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ़ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेड़ने का फ़ैसला लिया। 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नाम दिया गया था। हालांकि गाँधी जी को फ़ौरन गिरफ़्तार कर लिया गया था लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़तालों और तोड़फ़ोड़ की कार्यवाहियों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। कांग्रेस में जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी सदस्य भूमिगत प्रतिरोधि गतिविधियों में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतंत्र सरकार, प्रतिसरकार की स्थापना कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आंदोलन के प्रति काफ़ी सख्त रवैया अपनाया फ़िर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लग गया।

# जयंती विशेष 08 अगस्त

राकेश कुमार

आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रमुख स्तंभों में से एक प्रसिद्ध भारतीय लेखक



## पद्म भूषण

# भीष्म साहनी जी

को जयंती पर विनम्र अभिवादन

**भीष्म साहनी** *Bhisham Sahni*; जन्म- 8 अगस्त, 1915, रावलपिण्डी, अविभाजित भारत; मृत्यु- 11 जुलाई, 2003, दिल्ली) प्रसिद्ध भारतीय लेखक थे। उन्हें हिन्दी साहित्य में प्रेमचंद की परंपरा का अग्रणी लेखक माना जाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 08.08.2024

## अग्रदर्शिता का सिद्धांत

शिक्षा विद्यार्थियों का सिर्फ वर्तमान ही नहीं वरन् भविष्य भी सँवारती है। अतः, पाठ्यचर्या का निर्माण करते समय हमें इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि भविष्य में शिक्षा की दशा एवं दिशा क्या होगी ?

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**इसरो (ISRO) ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और प्रशांत बालाकृष्णन नायर को भारत-अमेरिका संयुक्त स्पेस मिशन के लिए पायलट और बैकअप पायलट के रूप में चुना है। दोनों अंतरिक्षयात्री नासा के साथ संयुक्त मिशन में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ISS की उड़ान भरेंगें।**

**TOB बूझो तो जानें..**

**444**

देहरादून निकट है नीचे, अधिक नहीं है दूरी, पर्वत की रानी कहलाती, आदि कटे पर सूरी ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## सेपक टकरा ( खेल )

यह खेल चीनी बॉल गेम कुजू का बदला हुआ रुप माना जाता है. सेपक टकरा इसी तरह का एक खेल है, जिसे इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) द्वारा 1990 में एशियन गेम्स में शामिल किया था. इस खेल को सबसे पहले बीजिंग में खेला गया था. दो कैटेगरी में खेले गए इस मैच के टीम को पुरुष रेगु और पुरुष टीम रेगु नाम दिया गया. पहली बार इसमें महिलाओं को 1998 में शामिल किया गया. उसी साल बैंकॉक में आयोजित हुए एशियन गेम्स में महिलाओं को खेलने का परमिशन दिया गया था. एनबीटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेपक टकरा वॉलीबॉल, जिमनेस्ट, फुटबॉल और बैडमिंटन का मिक्सचर है. इसे जब खेलते हैं तब बॉल को पैरों से मारते हैं. हाथों का इस्तेमाल नहीं करना होता है. साथ ही जिमनेस्ट की तरह जम्प मारना होता है. अगर हम बात करें कि इस शब्द को कहां से लिया गया था तो सेपक शब्द इंडोनेशिया और मलेशिया का है. इसका मतलब किक मारना होता है. टकरा का अर्थ है- बुनी हुई बॉल.

**खिलाड़ियों की संख्या- 03**



मुंशी प्रेमचंद की परंपरा का
अग्रणी लेखक

# भीष्म साहनी

की जयंती पर सादर नमन।

8 अगस्त 1915 - 11 जुलाई 2003



Madhu priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
8 अगस्त 1994
भारत के लिये भारोत्तोलन में
रजत पदक जीतने वाली
प्रथम महिला भारोत्तोलन
खिलाड़ी
साइखोम मीराबाई चानू
के जन्मदिवस पर हार्दिक
शुभकामनाएं।
Madhu priya
/teachersofbihar




/teachersofbihar